हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 23 मार्च 2024

06 ग्राम बड़ागांव के राशनखेरा और जिला जेल टीकमगढ़...



07 बेहतर काम करने वाले कर्मचारी को मिलेगा...





## खबर संक्षेप

### 25 मार्च को खुली रहेगी अस्पताल

**सागर।** होली त्यौहार पर आकस्मिक चिकित्सा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए 25 मार्च को समस्त अस्पताल एवं चिकित्सीय संस्थायें खुली रहेगी एवं आवश्यकता अनुसार चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ सहित आवश्यक औषधियों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी।

### लिपिक संवर्ग के नियमित कर्मचारियों को लेखा प्रशिक्षण 1 अप्रैल से

**सागर।** नियमित लेखा प्रशिक्षण सत्र 109 वॉ 1 अप्रैल से 15 जून तक प्रारंभ होने किया जाएगा। उक्त प्रशिक्षण लिपिक संवर्ग के नियमित कर्मचारी जिन्होंने एक वर्ष की नियमित लिपिकीय सेवा पूर्ण कर ली है को दिया जावेगा जो 75 दिवसीय है। जिसमें मप्र कोषालय संहिता, वित्तीय संहिता, मलमूत पूरक एवं पेंशन नियम, बजट/ आडिट/ आईएफएमआईएस का विस्तृत प्रशिक्षण दिया जायेंगा। इस प्रशिक्षण के उपरांत परीक्षा में 60 प्रतिशत अंको से पास होने पर एक अग्रिम वेतन वृद्धि का भी लाभ देय होगा।

### शासकीय सभाकक्षों में राजनैतिक दलों की बैठक पर रोक

**सागर।** कलेक्टर दीपक आर्य के आदेशानुसार लोकसभा निर्वाचन-2024 के दौरान (आदर्श आचार संहिता) को द्वष्टिगत रखते हुए जिला/अनुभाग/तहसील अंतर्गत आने वाले शासकीय आवास, सभाकक्ष एवं सर्किट हाउस, रेस्ट हाउस एवं गेस्ट हाउस में किसी भी राजनैतिक दल को बैठक आयोजित करने की अनुमति नही होगी।

### अभ्यर्थियों के नवीन बैंक खाते खोलने के संबंध में आदेश जारी

**सागर।** भारत निवार्चन आयोग के द्वारा मध्यप्रदेश लोक सभा आम निर्वाचन 2024 के लिये कार्यक्रम जारी किया जा चुका है। विभिन्न अभ्यर्थियो के द्वारा नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने के साथ निर्वाचन के लिये किये जाने वाले व्यय की जानकारी संधारण हेतु अलग से बैंक खाते की जानकारी दी जानी अनिवार्य है। अतः सभी राष्ट्रीयकृत बैंकों को अभ्यर्थियों के नवीन बैंक खाते खोलने के लिये निर्देशित किया जाना सुनिश्चित करें।

### बीना के सीएमओ को मकरोनिया का अतिरिक्त प्रभार सौंपा

**सागर।** संभागायुक्त डा. वीरेन्द्र सिंह रावत के आदेश पर नगर पालिका मकरोनिया के समस्त शक्तियों एवं कर्त्तव्यों के निर्वहन के लिए नगर पालिका बीना के मुख्य नगर पालिका अधिकारी इशांक धाकड़ को सीएमओ का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। उन्हें प्रशासकीय सुविधा की दृष्टि से आगामी आदेश तक अस्थाई रूप से अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

### समग्र पोर्टल में आधार ई-केवाईसी अनिवार्य

**सागर।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की योजना में संचालित सभी योजनाओं में समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी अनिवार्य कर दिया गया है। अब किसी भी हितग्राही को विभागीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए समग्र पोर्टल पर स्वयं का आधार ई-केवायसी करना होगा। समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी के बाद ही विभागीय पोर्टल पर आवेदन दर्ज हो सकेगा। जिन योजनाओं में ऑनलाइन प्रणाली नहीं है, उनमें आवेदन को स्वीकृत करने से पहले संबंधित स्वीकृतकर्ता अधिकारी द्वारा समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी की पुष्टि की जायेगी। पुष्टि के बाद ही नियमानुसार स्वीकृति प्रदान की जायेगी। विभाग की सभी योजनाओं में आधार ई-केवायसी अनिवार्य करने, बैंक खाता आधार लिंक और डीबीटी सक्रिय कराने के निर्देश दिये है।

**1 जनवरी 2023 को पीड़िता द्वारा थाना मोतीनगर में सूचना लेख कराई गई थी**

## बालिका के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को अंतिम सांस तक कारावास की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



बालिका के साथ जबरन दुष्कर्म करने वाले आरोपी पिता को विशेष न्यायाधीष (पाक्सों एक्ट) एवं नवम अपर-सत्र न्यायाधीश ज्योति मिश्रा जिला-सागर की अदालत ने दोषी करार देते हुये भादवि की धारा 376(2)(एन) के तहत शेष प्राकृतिक जीवनकाल तक के लिये आजीवन कारावास एवं 1000 रूपये अर्थदण्ड, धारा 376 (2) (एफ) के तहत शेष प्राकृत जीवनकाल तक के लिये आजीवन कारावास एवं 1000 रूपये अर्थदण्ड तथा धारा 323 के तहत 01 वर्ष का सश्रम कारावास की सजा से दंडित किया है। मामले की पैरवी प्रभारी उप-संचालक अभियोजन धर्मेन्द्र सिंह तारन के मार्गदर्शन में विशेष लोक अभियोजक मनोज पटैल ने की। घटना संक्षेप में इस प्रकार है कि 01 जनवरी 2023 को शिकायतकर्ता/पीड़िता द्वारा थाना मोतीनगर में इस आशय की सूचना लेख कराई गई कि वह पढी लिखी नही है घर पर अपने भाई और पिता के साथ रहती है एवं उसकी मां की मृत्यु हो चुकी है। उसके पिता की नियत उसे लेकर ठीक नही थी सोते समय वह उसके साथ गलत हरकत करते थे । उसकी नींद खुल जाने पर जब वह मना करती तो वह कहते थे कि शांत रहो किसी से कुछ कहना मत वरना उसकी मां की तरह उसे भी जान से खत्म कर देगा डर के कारण उसने किसी से कुछ नही कहा। उसके पिता ने उसके साथ जबरदस्ती बलात्कार किया था डर के कारण उसने किसी से कुछ नही बोला। 31 मई 2023 की रात में फिर उसके पिता ने उसके साथ जबरजस्ती गलत काम किया चिल्लाने पर उसका भाई जाग गया जिसने उसे बचाने की कोशिश की तो पिता ने भाई के साथ डंडे से मारपीट की। उक्त रिपोर्ट के आधार पर थाने पर प्रकरण पंजीबद्ध कर मामला विवेचना में लिया गया, विवेचना के दौरान साक्षियों के कथन लेख किये गये, घटना स्थल का नक्शा मौका तैयार किया गया अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्रित कर थाना-मोतीनगर द्वारा भारतीय दण्ड संहिता,1860 की धारा 376 (3),),376(2)(एफ),376(2)(द), 506भाग-2, 323 एवं पाक्सो एक्ट की धारा-3/4, 5/6 का अपराध आरोपी के विरूद्ध दर्ज करते हुये विवेचना उपरांत चालान न्यायालय में पेश किया। अभियोजन द्वारा अभियोजन साक्षियों एवं संबंधित दस्तावेजों को प्रमाणित किया गया एवं अभियोजन ने अपना मामला संदेह से परे प्रमाणित किया। जहॉ विचारण उपरांत विशेष न्यायाधीश (पाक्सों एक्ट) एवं नवम अपर-सत्र न्यायाधीश ज्योति मिश्रा जिला-सागर की न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार देते हुये उपर्युक्त सजा से दंडित किया है।

## सड़क पर गंदगी फैलाने वालों पर रहली नगर पालिका की सख्ती, की जुर्माने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रहली




नगरपालिका क्षेत्र में पॉलीथिन का उपयोग करने और सड़क पर कचरा डालने वालों और गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ सख्त हो रहा है, जहां तहां गंदगी फैलाने वाले अनेक दुकानदारों के खिलाफ जुर्माना लगाया गया और ताकीद किया कि दुबारा सड़क पर कचरा फैंका तो कड़ी कार्यवाही की जाएगी। विदित हो कि नगरपालिका प्रशासन रहली द्वारा चलाये जा रहे स्वच्छता अभियान के तहत शासन से प्रतिबंधित पॉलीथिन का उपयोग करने वाले दुकानदारों का चालान काटा गया साथ ही सड़क पर गंदगी फैलाने पर भी जुर्माना लगाया गया। सफाई दरोगा महेश ठाकुर ने बताया कि सीएमओ के निर्देश पर गांधी मूर्ति और सेल्फी पॉइन्ट के आसपास पॉलीथिन का उपयोग कर रहे दुकानदारों सहित दुकान के सामने गंदगी फैलाने वाले दर्जन भर दुकानदारों के खिलाफ जुर्माने की कार्यवाही की गई है जिसमे सर्वाधिक चाट, फुल्की, चायपान और किराना दुकानदार शमिल है। इन दुकानदारों करीब एक हजार रुपये जुर्माना बसूला गया। साथ ही नगर के सभी दुकानदारों और नागरिकों से अपील की है कि पॉलीथिन का उपयोग नही करें। सड़क पर कचरा नही फैंके और गंदगी न फैलाये, नगर को साफ और स्वच्छ रखे। उल्लेखनीय है कि रहली नपा द्वारा स्वच्छता अभियान में नंबर वन आने लगातार प्रयास किये जा रहे है।

### काव्य -संग्रह फगनोटे पूरण पर चर्चा 24 को

**सागर।** कवि पूरनसिंह राजपूत के काव्य -संग्रह फगनोटे पूरण पर 24 मार्च रविवार (होलिका दहन) दोपहर 2:00 बजे से सरस्वती पुस्तकालय एवं वाचनालय,सागर में चर्चा का आयोजन किया जाएगा। श्यामलम द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम सरस्वती वाचनालय के सचिव शुकदेव प्रसाद तिवारी की अध्यक्षता, डॉ सुश्री शरद सिंह के मुख्य आतिथ्य एवं आशीष ज्योतिषी के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न होगा। साहित्यकार टी आर त्रिपाठी और अरुण दुबे समीक्षात्मक वक्तव्य देंगे। संचालन कवि नलिन जैन करेंगे। आयोजक संस्था श्यामलम के अध्यक्ष उमा कान्त मिश्र एवं सचिव कपिल बैसाखिया ने सभी प्रबुद्धजनों से उपस्थिति का आग्रह किया है।

## वात्सल्य स्कूल में किंडर गार्टन ग्रेजुएशन सेरेमनी में बच्चों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



वात्सल्य स्कूल में किंडर गार्टन ग्रेजुएशन सेरेमनी 2023-24 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रीति सिंह रहीं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व विद्यालय प्राचार्य ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। साथ ही विद्यालय के डायरेक्टर सुधांशु श्रीवास्तव व युवाओं के प्रेरणास्त्रोत विद्यालय प्रबंधक करन बहादुर श्रीवास्तव उपस्थित रहे। जिन्होंने विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए उन्हें उत्कृष्ट कार्य हेतु शुभकामनाएं दी। प्रधानाचार्या अल्का श्रीवास्तव ने बताया कि प्री प्राइमरी एजूकेशन पूरी होने पर वर्ष किंडर गार्टन सेरेमनी का आयोजन किया गया। कक्षा एक से नियमित शिक्षा शुरू होती है । इस खास अवसर पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उत्साह के साथ भाग लिया तथा रंगारंग कार्यक्रम कर बच्चों ने अपनी प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि ने बच्चों को सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### शस्त्रधारियों के शस्त्र निकटतम थाने पर अथवा जिले के वैध आर्म्स डीलर के यहां जमा कराए

**सागर।** संसदीय क्षेत्र में निर्वाचन की सम्पूर्ण गतिविधियों के दौरान कानून व्यवस्था की स्थिति बनाये रखने, शांतिपूर्ण तथा निर्विघ्न निर्वाचन के निष्पादन हेतु सागर जिले में निवासरत समस्त शस्त्रधारियों के शस्त्र निकटतम थाने पर अथवा जिले के वैध आर्म्स डीलर के यहाँ लोकसभा निर्वाचन 2024 की सम्पूर्ण अवधि तक के लिए जमा कराना अनिवार्य होगा। स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में प्राप्त सूचना एवं उल्लेखित परिस्थितियों पर विचार किया गया है, कमेटी को यह समाधान हो गया हैं, कि आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 में कानून व्यवस्था की स्थिति सामान्य बनाये रखने तथा स्वतन्त्र, निर्विघ्न एवं निष्पक्ष निर्वाचन हेतु सागर जिले में स्थित सभी थाना क्षेत्रो के आग्नेय शस्त्र ज्ञप्तिधारियो के संबंधित थाने जमा कर करे ।



## गढ़ाकोटा में होली एवं रंगपंचमी पर नहीं बजेगा डीजे? थाना प्रभारी ने बताई वजह

**गढाकोटा।** आगामी त्योहारों को लेकर गढ़ाकोटा थाने में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इसमें होली, रंगपंचमी और ईद को शांतिमय तरीके से मनाने को लेकर दिशा निर्देश दिए गए। थाना प्रभारी रजनीकांत दुबे ने कहा कि होली और रंगपंचमी पर डीजे बजाना पूरी तरह प्रतिबंधित है। लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लागू हो चुकी है। ऐसे में नियमों के दायरे में ही त्योहार मनाने होंगे। होली जलाते समय भी ध्यान रखना जरूरी है कि कोई दुर्घटना न होने पाए। रंग डालते समय भी विवाद की स्थिति नहीं बननी चाहिए। बैठक में शहरवासी, डीजे संचालक, होली उत्सव समितियों के सदस्य मौजूद रहे।

## निर्वाचक स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा पारदर्शी रुप से नैतिक मतदान करें : जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य

**सागर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च को आम निर्वाचन 2024 की विस्तृत समय सारणी जारी की है। इस समय सारणी के अनुसार सागर लोकसभा क्षेत्र हेतु मतदान 7 मई 2024 को होना है । सागर जिले के अंतर्गत दमोह लोकसभा क्षेत्र के विधानसभा क्षेत्र रहली, बंडा, देवरी हेतु मतदान 26 अप्रैल को होना है । जिला निर्वाचन अधिकारी एवं रिटर्निंग अधिकारी दीपक आर्य ने जिले के निर्वाचकों से अपील की है कि वे बगैर किसी भय, प्रलोभन के निर्भीक होकर अपने मताधिकार का उपयोग करें । साथ ही उन्होंने समस्त निर्वाचकों से नैतिक मतदान करने की अपील की है । आम जनता व निर्वाचकों का ध्यान लोक प्रतिनिधित अधिनियम की धारा 123 दृ निर्वाचन में भ्रष्ट आचरण, निर्वाचन संबंधी अपराधों, भारतीय दंड संहिता की धारा 171 तथा आदर्श आहरण संहिता के प्रावधानों की ओर भी आकृष्ट करता है । निर्वाचन में किसी भी प्रकार से प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रुप से इन प्रावधानों का उल्घंन करने पर उचित वैधानिक कार्यवाही की जावेगी । सभी नागरिक, निर्वाचक, राजनैतिक दल, अभ्यर्थी सामान्य निर्वाचन 2024 में स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी रुप से सहभागिता सुनिश्चित करें ।

## निगमायुक्त ने सफाई व्यवस्था के साथ ही सी एंड डी वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



शहर की सफाई व्यवस्था में सुधार और उसमें नागरिकों की सहभागिता और सुझावों को शामिल करते हुए शहर को स्वच्छ बनाने नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री द्वारा प्रातः नगर के विभिन्न स्थानो का भृमण कर सफाई व्यवस्था को मजबूत बनाने का प्रयास किया जा रहा है साथ ही साथ नागरिकों से चर्चा कर उनकी भी सहभागिता सुनिश्चित करने और नगर की सफाई व्यवस्था को सुधारने के लिए दिए जा रहे सुझावों को भी शामिल किया जा रहा है ।इसी क्रम में निगमायुक्त द्वारा प्रातः तीनमढ़िया मंदिर के पास निर्माणाधीन रोड निर्माण कार्य का निरीक्षण किया वही मस्जिद के पास फूलमाला और नारियल विक्रय करने वालों हिदायत दी कि वह एक निश्चित स्थान पर ही बैठकर अपना व्यवसाय करें और व्यावसायिक स्थल पर अधिक मात्रा में सामग्री का स्टॉक ना करें इससे यातायात में असुविधा होती है। वही फूलवाले दुकान से निकलने वाले कचरे को कचरे को डस्टबिन में एकत्रित कर कचरा गाड़ी में डालें अन्यथा यहां वहां कचरा फेंकने पर करवाई की जाएगी। भ्रमण के दौरान निगम आयुक्त खत्री ने नमक मंडी क्षेत्र में दुकानदारों से भी चर्चा की और उनसे सफाई व्यवस्था में सहयोग प्रदान करने की अपील करते हुए कहा कि दुकानों से निकलने वाले कचरा को डस्टबिन मे ही डालें और दूसरों को भी खुले में कचरा न फेंकने की प्रति जागरूक करें।




## राष्ट्र निर्माण व समाजहित में सहायक राष्ट्रीय सेवा योजनाः पुरुषोत्तम चौरसिया

**सागर।** राष्ट्रीय सेवा योजना महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय छतरपुर के अंतर्गत मुक्त इकाई एवं संस्था इंफिनिटी मैनेजमेंट एंड इंजीनियरिंग कॉलेज सागर की छात्र एवं छात्रा इकाई के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवे दिन का प्रारंभ सुबह की प्रभात फेरी एवं योग के साथ हुआ। पांचवे दिन के चौथे बौद्धिक सत्र कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कल्पधाम ग्रुप सागर से डायरेक्टर पुरुषोत्तम चौरसिया एवं मैनेजर इंजीनियर सारांश गौतम रहे साथ ही संस्था इंफिनिटी मैनेजमेंट एंड इंजीनियरिंग कॉलेज सागर प्रो आकाश चौधरी ने अतिथि की अगुवाई की चौरसिया ने छात्रों को उज्जवल भविष्य की कामना के साथ शिक्षा एवं समाज सेवा के साथ अनुशासन एवं समय के महत्व के बारे में बात कर सभी छात्रों को मार्गदर्शन दिया। इंजी. सारांश गौतम ने बच्चों को मार्गदर्शन देते हुए शिक्षा, मैनेजमेंट व्यवस्था एवं किस प्रकार आप टीम के साथ काम करते हैं या किसी प्रकार किसी भी क्षेत्र में आप सफलता प्राप्त कर सकते हैं जानकारी देते हुए छात्रों के सवालों पर वार्तालाप एवं विचारों को व्यक्त करते हुए मार्गदर्शन दिया। प्रोफेसर चौधरी ने मैनेजमेंट के विषय एवं वर्तमान में आ रहे मतदान को किस प्रकार छात्र राष्ट्र निर्माण के लिए में सफल बना सकते हैं, छात्रों का मार्गदर्शन करते हुए सभी वक्ताओं ने अपने उच्च विचार प्रस्तुत किया।

**संस्कृत विद्यालय सागर में उपनयन संस्कार का आयोजन किया गया**

## उपनयन संस्कारित बालक अपने अंदर ब्राम्हणत्व गुण संकलित करें: डॉ.तिवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर




संस्कृत विद्यालय सागर में उपनयन संस्कार का आयोजन किया गया जिसमें 45 विप्र बालको का उपनयन यज्ञोपबीत संस्कार हुआ। कार्यक्रम में शामिल डॉ अनिल तिवारी वरिष्ट भाजपा नेता एवं संस्थापक कुलपति स्वामी विवेकानंद विश्व विद्यालय ने सम्बोधन में कहा कि पहले सनातन धर्म की शिक्षा इसी संस्कृत विद्यालय जैसे गुरूकुलो में हुआ करती थी और यज्ञोपवीत की उत्पत्ति और धारण करने की परम्परा अनादि काल से है। आधुनिकता के दौर में शिक्षा के लिए विश्व विद्यालय और बड़े-बड़े संस्थान बन गए लेकिन अब पुनः समुदाय गुरूकुलो की और अग्रसर हो रहा है। उपनयन बालको को संदेश दिया कि हमारे अन्दर ब्राहम्णत्व होना चाहिए क्योकि ब्राहम्ण जाति में हमने जन्म नहीं लिया हमारा जन्म भगवान ने ब्राहम्ण जाति में कराया है। परन्तु ब्राहम्ण कर्म हमारे हाथ में है जिसे अपने जीवन में संकलित करके अपना ही नहीं समाज का उत्थान करके अपने कुल, जाति और सनातन धर्म को गौरान्वित करे। डॉ अनित तिवारी ने संस्कृत विद्यालय के लिए प्रत्येक वर्ष व्यक्तिगत रूप से 12000 रूपए सहयोग राशि प्रदान करने की घोषणा की। इस कार्यक्रम को नगर विद्यायक शैलेन्द्र जैन ने सम्बोधित किया। कार्यक्रम में पं. संत विपिन बिहारी, पं. रामकुमार खंपरिया, शुकदेव तिवारी, बासुदेव दुबे, पं. के के सिलाकारी , पं. रमाकांत त्रिवेदी, पं. रामचरण शास्त्री, हरि महाराज, पं.ज्वालाप्रसाद रिछारिया, पं. उमाकांत गौतम, शक्ति मिश्रा, शिवनारायण शास्त्री, देवाशीष प्यासी, अमित कटारे, शरद मिश्रा सहित अनेक विप्रजन और मातृशक्तिया उपस्थित थी।



## कार्यालय नगर पालिक निगम सागर म.प्र.

क्र./नामा./रा.वि./न.नि./2023- 24/343 **सूचना** सागर दिनांक 18/03/24

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम सीमा के अंतर्गत नीचे दिये गये भवनों/प्लाटों पर नाम दर्ज करने हेतु आवेदन-पत्र प्राप्त हुये हैं। अतः इस संबंध में जिन व्यक्तियों को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन से 30 दिवस के अंदर आयुक्त नगर पालिक निगम, सागर के नाम प्रस्तुत कर सकते हैं।

| प्रकरण क्रमांक | वार्ड का नाम म.न./प्लाट | किस आधार पर | नाम बेचवार/वसीयतदाता/दानदाता/ वंशानुक्रम द्वारा | जिस व्यक्ति का नाम दर्ज होना है |
|---|---|---|---|---|
| 1501 23/24 | अम्बेडकर | रजि बैनामा, शपथ पत्र खसरा | भगवानदास, फूलचंद पिता रामप्रसाद पटेल | भरत/ प्रताप सिसौदिया |
| 1502 23/24 | अम्बेडकर | रजि बैनामा, शपथ पत्र खसरा | भगवानदास, फूलचंद पिता रामप्रसाद पटेल | विनोद कुमार पिता रतनलाल साहू |
| 1503 23/24 | तुलसीनगर | रजि बैनामा, शपथ पत्र खसरा | परवीन पिता शमसूल अंसारी | अजमेरी, अफजल / मोह. सलीम राईन |
| 1504 23/24 | सूबेदार | रजि बैनामा, शपथ पत्र खसरा | श्री राम/ बट्टू लाल सोनी | शान्तिबाई पति मुकेश अहिरवार |
| 1505 23/24 | बाघराज | रजि बैनामा, शपथ पत्र | प्रकाश पिता स्व. शिवशंकर चौबे | संगीता पति अनूपनारायण एवं अनूपनारायण पिता राजाराम गोतम |
| 1506 23/24 | शिवाजी | रजि बैनामा, शपथ पत्र खसरा | कामिनी पति देवेंद्र सिंह परिहार | श्रीराम पिता फदालीराम चौरसिया |
| 1507 23/24 | शिवाजी | रजि बैनामा, शपथ पत्र | मनीष पिता बिमल कुमार श्रीवास्तव | पुष्पेंद्र पिता श्रीराम चौरसिया |
| 1508 23/24 | गांधीचौक | रजि बैनामा, शपथ पत्र | शोमित्र पिता परषोत्तम सराफ | गायत्री पति मूलचंद सोनी |
| 1509 23/24 | चकराघाट | बैनामा, शपथ पत्र | जवाहर पिता परमानंद कुर्मी | रामकुमार पिता बालमुकुंद सोनी |
| 1510 23/24 | सिविललाईन | रजि बैनामा, शपथ पत्र | देवेंद्र पिता शिवचरण सेन | आशा पति विजय कुमार जैन |

**आयुक्त , नगर पालिक निगम, सागर**

## खबर संक्षेप

### नगर के रक्षक कर रहे विश्वास पर्चियों का वितरण



**टीकमगढ़।** लोकसभा चुनाव 2024 को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस टीकमगढ़, राहुल कटरे, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस जतारा अभिषेक गौतम के मार्गदर्शन में टीकमगढ़ जिले के समस्त थाना, चौकी प्रभारी द्वारा अपने-अपने थाना व चौकी क्षेत्र में लगातार चेकिंग, पैदल गस्त, फ्लैग मार्च कर लोगों को विश्वास पर्चियां वितरित की जा रही हैं। जिसके माध्यम से लोगों को स्वतंत्र और निडर होकर मतदान करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। उक्त विश्वास पर्ची में अधिकारियों के संपर्क नंबर दिए गए हैं। जिससे जन सामान्य द्वारा लोकसभा चुनाव-2024 से संबंधित कोई भी परेशानी होने पर अधिकारियों से संपर्क किया जा सकता है।

### अतिशय क्षेत्र में होगा भगवान का महामस्तकाभिषेक



**टीकमगढ़।** प्रतिवर्ष की तहरह इस वर्ष भी 25 मार्च को होली के शुभ अवसर पर अतिशय क्षेत्र पपौराजी में माहामस्तकाभिषेक होने जा रहा है। अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन की पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र जनता ने बताया की 1008 आदिनाथ भगवान की प्रतिमा जो 41 फीट ऊंची है जिसका महामस्तका अभिषेक करने का शुभ अवसर समस्त जैन समाज को प्राप्त होगा। जिसके तहत सुबहः 7 बजे से अभिषेक पूजन विधान के साथ संपन्न होगा एवं सुबह 9 बजे से भगवान का महामस्तका भिषेक होगा एवं 24 घंटे का अखंड भक्तामर पाठ मंदिर नंबर 14 में विराजमान अतिशयकारी 1008 पारसनाथ भगवान के सामने भक्तांबर पाठ मंडली द्वारा संगीतमय ध्वनि के साथ किया जाएगा। वहीं इसी के साथ ही शाम को 7 बजे से रात 8 बजे तक आरती एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

### 5 दिन कृषि उपज मंडी में बंद रहेगी नीलामी

**विदिशा।** कृषि उपज मंडी में पांच दिन नीलामी बंद रहेगी। 23 मार्च को चौथा शनिवार होने के कारण मंडी बंद रहेगी। वहीं 24 मार्च को रविवार, 25 मार्च सोमवार को धुलेंडी के कारण मंडी में नीलामी नहीं होगी। वहीं 28 मार्च गुरुवार से 1 अप्रैल सोमवार तक वार्षिक लेखा बंदी एवं रंग पंचमी आदि के कारण मंडी में नीलामी नहीं होगी।

### खाईखेड़ा सरकारी स्कूल में फर्नीचर की व्यवस्था

**विदिशा।** शासकीय प्राथमिक शाला विद्यालय खाईखेड़ा मे विद्यालय प्रबंधन के प्रयास से प्राथमिक शाला में पढ़ रहे बच्चों के लिए बैठने के लिए नवीन फर्नीचर लाया गया है। इसके साथ ही विद्यालय में लाइट और बच्चों की सुविधा के लिए पंखे की व्यवस्था भी की गई है।

### एसएस का शिविर प्रारंभ

**विदिशा।** गर्ल्स कॉलेज की एनएसएस इकाई द्वारा माधोपुर ग्राम में 7 दिवसीय शिविर की शुरुआत की गई है। शिविर का उद्घाटन महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष सुमन सोनी एवं प्राचार्य डॉ. नीता पाण्डेय के द्वारा किया गया। इस अवसर पर जनभागीदारी समिति के सदस्य जसवीर सिंह चावला भी उपस्थित रहे। शिविर का मुख्य उद्देश्य छात्राओं द्वारा ग्रामीण अंचल में जाकर स्थानीय समस्याओं को जानना और समाज सेवा में अपना योगदान देना है। शिविर उद्घाटन के अवसर पर अध्यक्ष सुमन सोनी जी ने जनसेवा के माध्यम से राष्ट्रसेवा के महत्व को बताया।

# विश्व गौरैया दिवस : सकोरे से संवरेगा गौरैया का भविष्य, स्कूल में लगाए, बनाए गए मनमोहक घोंसले

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

नन्ही चिड़िया गौरैया को बचाने के लिए 20 मार्च को विश्व गौरैया दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर जिला मुख्यालय के ग्राम नयाखेरा में स्थित शासकीय माध्यमिक शाला में विश्व गौरैया दिवस मनाया गया। इस अवसर पर शाला में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। बच्चों ने गौरैया चिड़िया एवं अन्य पक्षियों के बहुत सुंदर चित्र बनाएं यह जानकारी देते हुए शाला के शिक्षक विवेक खरे द्वारा बताया गया कि विश्व गौरैया दिवस को मानते हुए बच्चों को पक्षियों के प्रति दया एवं सहानुभूति का भाव रखने की समझाइश दी गई। गर्मी के मौसम में पक्षियों के लिए अपने-अपने घरों पर



दाना एवं पानी की व्यवस्था करने की बात कही गई। उपस्थित सभी बच्चों ने अपने-अपने घरों पर पक्षियों के लिए दान एवं पानी की व्यवस्था करने का संकल्प लिया, इसी कड़ी में स्कूल मे भी पक्षियों के दाना पानी के लिए सकोरे लगवाए गए ताकि गर्मी में पक्षी पानी की कमी से परेशान ना हो इस अवसर पर शाला की समस्त शिक्षक एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### कृत्रिम घोंसला प्रोटोटाइप से जीवित रहने में मिलेगी मदद

गौरैया एक पक्षी से कहीं अधिक है। उनकी घटती संख्या से चिंतित होकर, उन्होंने उन्हें जीवित रहने में मदद करने के लिए कृत्रिम घोंसले बनाने का फैसला किया। ऑनलाइन मैनुअल का अध्ययन और शोध करके, वह वर्ष 2003 में एक कृत्रिम घोंसले का एक प्रोटोटाइप लेकर आए। उन्होंने निवासियों के संघ की अनुमति से अपने आवास परिसर में घरों की बालकनियों एवं छतों पर इनके लिए घोंसलों को रखने की कोशिश की।

इसी तारतम्य में तहसील टीकमगढ़ की प्राथमिक शाला बड़माडई में एक चिड़िया के लिए घोसला बना कर प्राथमिक शिक्षक श्रीमती शाहीन खातून सहित समस्त स्टॉफ ने गौरैयों के बसेरे के लिए योगदान देकर दिया एक बड़ा संदेश।

### घोंसला बनाना सिखाना है मानसिकता बदलना

स्कूलों में कार्यक्रम के हिस्से के रूप में, स्कूली बच्चों को जूट, नारियल के रेशे, बांस के छल्ले,



कपास, धागे और एक चूड़ी से केवल 40 मिनट में घोंसला बनाना सिखाते हैं। ये घोंसले विशेष रूप से केवल गौरैया के लिए डिज़ाइन किए गए हैं, छेद और एक छड़ी के बीच पांच अंगुल की जगह रखते हैं। जिससे अन्य पक्षियों के लिए अंदर जाना और अंडे या बच्चों को नुकसान पहुंचाना असंभव हो जाता है।

### घरेलू गैस सिलेंडर रखे चार पहिया वाहन में लगी आग, त्वरित कार्रवाई से टला बड़ा हादसा



**टीकमगढ़।** नगर के किले के सामने स्थित हनुमान चालीसा मंदिर के पास बनी नगर पालिका की पानी की टंकी के पास खड़ी एक ओमनी कार में गुरुवार रात अचानक आग लग गई। हादसा होते ही मोहल्ले में अफरा तफरी मच गई। मोहल्लेवासियों ने इस आगजनी की सूचना तुरंत नगर की दमकल टीम को दी। जिस पर दमकल वाहन ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया, लेकिन जब तक आग पर काबू पाया गया तब तक यह ओमनी कार पूरी तरह से जलकर खाक हो गई।

घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार पानी की टंकी के नीचे मोहल्ले वालों के साथ ही अन्य लोग भी अपने वाहन यहां खड़े कर देते हैं। गुरुवार रात करीब यह लगभग 10 वाहन खड़े थे। इसी दौरान एक ओमनी कार में अचानक आग लग गई। जैसे ही मोहल्ले के लोगों ने देखा तो फोरन ही बाल्टियों से पानी डालकर आग बुझाने में जुड़ गए। इस दौरान फायर दमकल को भी सूचना दी गई। लोगों ने बताया कि जिस कार में आग लगी थी, उसमें घरेलू गैस सिलेंडर रखा था। समय रहते दमकल वाहन मौके पर पहुंच गया और उसने इस आग को बुझा कर उस पर काबू पा लिया। अगर यह नहीं होता तो एक संभावित बड़ा हादसा हो सकता था। उन्होंने बताया कि समय रहते आग बुझ जाने से बड़ा हादसा होते-होते टल गया। नगर पालिका की पानी की टंकी के पास शासकीय जमीन के चारों ओर बाउंड्रीवॉल बनी है। पहले यहां नगर पालिका के कर्मचारी रहते थे। धीरे-धीरे आसपास के लोगों ने अवैध तरीके से वाहन खड़े करना शुरू कर दिया। गुरुवार रात आग लगने की घटना के दौरान करीब 8 से 10 चार पहिया वाहन खड़े थे। अगर आग फैलती तो बड़ा हादसा हो सकता था। जिससे एक बड़ी क्षति हो सकती थी लेकिन लोगों की सजगता और दमकल की त्वरित कार्यवाही के चलते यह बड़ा हादसा टल गया।

### अवैध शराब के साथ दो युवकों को किया गिरफ्तार



**टीकमगढ़।** राजनीतिक पृष्ठ भूमि वाले एक नेता के खेत पर लंबे समय से जुए का फड़ संचालित हो रहा था। जिसकी सूचना मुखबिर ने पुलिस को दी। मामले पर तत्काल पुलिस कप्तान रोहित काशवानी ने संज्ञान लिया और कोतवाली पुलिस व देहात थाना पुलिस ने संयुक्त कार्यवाही को अंजाम दिया।
सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार जब तक पुलिस संबंधित के खेत पर पहुंची तब तक जुआरी मौका देख भाग निकले। इसी दौरान पुलिस ने जुआ तो नहीं पकड़ पाया, लेकिन मऊघाट इलाके से ही अवैध जहरीली शराब के साथ दो युवकों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। पुलिस कप्तान रोहित ने जानकारी देते हुए बताया आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से टीकमगढ़ एक्शन मूड में हैं। लगातार जनता से जुड़कर पुलिस अपराध पर अंकुश लगाने में लगी हुई है। इसी तारतम्य में बीती रात्रि भी पुलिस टीम ने कई संदिग्ध इलाकों में दबिश दी। पुलिस को मऊघाट इलाके से दो युवक जहरीली शराब का परिवहन करते दिखाई दिए, जिनकी पुलिस ने घेराबंदी कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। देहात थाना प्रभारी रवि गुप्ता का कहना है कि आरोपी अनूप बाल्मिकी और साहिल बाल्मिकी दो अलग-अलग बाइकों से कैनों में अवैध जहरीली शराब लेकर जा रहे थे। पुलिस को देख उन्होंने भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस जवानों ने इन्हें गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी का कहना है कि दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 34(2) सहित विभिन्न धाराओं में प्रकरण पंजीबद्ध कर न्यायालय में पेश किया गया। यह समस्त जानकारी विश्वनीय सूत्रों द्वारा प्रदत्त है।

### ग्रामीण स्वावलंवन समिति के कार्यकर्ता सहित ग्रामीणजन रहे मौजूद

# ग्राम बड़ागांव के राशनखेरा और जिला जेल टीकमगढ़ में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं हितेन्द्र सिंह सिसौदिया प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में शुक्रवार को जिले के ग्राम राशनखेरा, बड़ागांव में एवं जिला जेल टीकमगढ़ में विधिक साक्षरता शिविर किया गया।

ग्राम राशनखेरा में आयोजित कार्यक्रम में जिला विधिक सहायता अधिकारी टीकमगढ़ बृजेन्द्र सिंह भदौरिया ने उपस्थित ग्रामवासियों को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा चलाई जा रही योजना गरीबी उन्मूलन योजनाओं का प्रभावी



क्रियान्वयन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही मीडिएशन, लोक अदालत, विधिक सहायता, सलाह योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। ग्रामवासियों की समस्याओं को सुना गया साथ ही उनकी समस्याओं के समाधान के संबंध में विधिक सलाह दी गई। कार्यक्रम में ग्रामीण स्वावलंवन समिति के सचिव राजकुमार अहिरवार, कैलाश नारायण मिश्रा, विधिक सहायक एवं ग्रामीण स्वावलंबन समिति के कार्यकर्ता सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

साथ ही उक्त दिनांक को ही जिला जेल का निरीक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया उक्त कार्यक्रम में विनोद कुमार पाटीदार सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण टीकमगढ़ ने उपस्थित बंदियों को प्लीवारगेंनिग के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि प्लीवारगेनिंग के तहत जिस अपराध में सजा सात वर्ष से कम है उसमे यदि वह अपना अपराध स्वीकार कर लेता है तो उसकी सजा में नियमानुसार न्यायालय द्वारा छूट दी जाती है। विनोद कुमार पाटीदार ने कहा कि जेल चिन्ता का नहीं चिन्तन का स्थान है। साथ ही जमानतीय एवं अजमानतीय अपराधों के संबंध में जानकारी दी। कार्यक्रम में जेल अधीक्षकप्रतीक जैन, दीपेश जैन जेल स्टाप एवं बंदीगण उपस्थित रहे।

### मध्यप्रदेश राज्य पेंशनर्स की मासिक बैठक आज

**बीना।** मध्य प्रदेश राज्य पेंशनर्स की मासिक बैठक आज शाम 4 बजे गायत्री शक्तिपीठ में आयोजित होगी। पेंशनर्स एसो. तहसील अध्यक्ष आरके जैन ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार अपने कर्मचारियों और पेंशनर्स का शोषण करने के साथ ही मध्यप्रदेश के पेंशनर्स का शोषण करने के लिए मध्यप्रदेश सरकार को भी उकसा रही है। जैन ने बताया कि बैठक में पेंशनर्स की कई मांगों एवं समस्याओं के संबंध में विचार विमर्श किया जाएगा। साथ ही मांगों पर शासन का ध्यान आकर्षित करने के लिए ज्ञापन देने की तैयारी पर विचार किया जाएगा।

## लोकसभा चुनाव को लेकर बीना विधानसभा में कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई

**बीना।** लोकसभा चुनाव को लेकर बीना विधानसभा में कार्यकर्ताओं की बैठक की गई। जिसमें भाजपा प्रत्याशी लता वानखेड़े ने कार्यकर्ताओं से कहा कि आप मुझे आशीर्वाद दीजिए मैं बीना विधानसभा को गोद लेकर बीना के विकास में अपना पूर्ण योगदान दूंगी। भाजपा जिलाध्यक्ष गौरव सिरोठिया ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता प्रत्येक बूथ पर जाकर स्वयं प्रत्याशी बनकर चुनाव लड़े, हर




कार्यकर्ता स्वयं को लता वानखेड़े समझे। जिससे पुनः देश में नरेंद्र मोदी की सरकार बने और भारत देश एक विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित हो। बैठक के लोकसभा प्रभारी जयप्रकाश चतुर्वेदी, लोकसभा संयोजक प्रभुदयाल पटेल, पूर्व विधायक धरमू राय, विनोद पंथी, महेश राय, शशि कैथोरिया, मनोज शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### महक की शानदार गोल कीपिंग की बदौलत दूसरे स्थान पर रही टीम



**विदिशा।** हैंडबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा दादर नागर हवेली में आयोजित 52वी सीनियर नेशनल महिला हैंडबॉल प्रतियोगिता में विदिशा की खिलाड़ी महक प्रजापति ने मप्र टीम का प्रतिनिधित्व किया। महक की गोल कीपिंग की बदौलत मप्र की टीम ने इस प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। महक की इस उपलब्धि पर विदिशा हैंडबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष संदीप डोंगर सिंह, प्राचार्य खजान सिंह, अविनाश निगम, पंकज भार्गव, अमित मांझी प्रिया बामुरिया, घनश्याम मालवीय, आशीष मोदी, संजय ठाकुर, योगेश मालवीय, रविकांत नामदेव आदि बधाई दी है।

## निर्णय : होली के लिए चलेगी स्पेशल ट्रेन



फाइल फोटो

**बीना।** रेल प्रशासन ने होली पर होने वाले अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर करने के उद्देश्य से होली स्पेशल ट्रेनें चलाने निर्णय लिया गया है। साथ ही यात्रियों की सुविधा के लिए भोपाल स्टेशन पर 2 तथा रानी कमलापति स्टेशन पर एक अतिरिक्त आरक्षण काउंटर खोले गए हैं। भोपाल मंडल अनुसार ट्रेन नंबर 01037/01038 पुणे-कानपुर-पुणे के मध्य 2-2 ट्रिप होली स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। जो कि भोपाल मंडल के इटारसी, रानी कमलापति एवं बीना स्टेशन पर हाल्ट लेकर गन्तव्य को जाएगी।ट्रेन नंबर 01123/01124 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस के मध्य 3-3 ट्रिप साप्ताहिक एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। यह ट्रेन भोपाल मंडल के इटारसी, भोपाल एवं बीना स्टेशन पर हाल्ट लेकर गन्तव्य को जाएगी। ट्रेन नंबर 01103/01104 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-गोरखपुर-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस के मध्य 3-3 ट्रिप होली स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है, जो भोपाल मंडल के इटारसी, भोपाल एवं बीना स्टेशन पर हाल्ट लेकर गन्तव्य को जाएगी।

ट्रेन नंबर 07219/07220 सिकंदराबाद-गोमती नगर-सिकंदराबाद के मध्य 2-2 ट्रिप होली स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है, यह ट्रेन भोपाल मंडल के इटारसी, भोपाल एवं बीना स्टेशन पर हाल्ट लेकर गन्तव्य को जाएगी। जनसंपर्क अधिकारी ने यात्रियों से अपील की है कि होली स्पेशल ट्रेन के ठहराव की विस्तृत जानकारी रेलवे स्टेशन, रेल मदद 139 अथवा ऑनलाइन के माध्यम से प्राप्त कर सकते हैं।

## हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं लगाने पर की कार्रवाई, 50 वाहनों पर लगाया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

गुरुवार को जिला परिवहन अधिकारी ने हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट सहित वाहनों के फिटनेस, परमिट, बीमा, पीयूसी, कर प्रमाण पत्र की जांच की।

जिला परिवहन अधिकारी गिरजेश वर्मा ने बताया कि हाईकोर्ट जबलपुर के निर्देश पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट ना लगाए जाने वाले वाहनों पर चालानी की



**विदिशा।** गंजबासौदा मार्ग पर वाहनों की जांच करते आरटीओ गिरिजेश वर्मा।

कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई की जानकारी कोर्ट को भेजी जा रही है। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद वाहनों पर पदनाम और नाम की प्लेट नंबर प्लेट लगी होने भी कार्रवाई की जा रही है। इसके साथ ही वित्तीय वर्ष का आखिरी महीना होने के साथ जिन वाहनों के टैक्स जमा नहीं हैं। उनके टैक्स भी जमा कराए जा रहे हैं। करीब 50 वाहनों पर चालानी की कार्रवाई की गई है।

## 475 शिक्षकों को दिलाई मतदाता जागरुकता शपथ

**बीना।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आगामी लोक सभा निर्वाचन में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन में मतदाताओं की शत प्रतिशत भागीदारी के लिए एसडीएम देवेंद्र प्रताप सिंह के निर्देशन में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें विद्यालय परिसर में उपस्थित 475 शिक्षकों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर प्राचार्य संजय साहू, मास्टर ट्रेनर अजय सिंह ठाकुर, लोकेश जैन, केके जैन सहित विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा। इस अवसर पर सभी मतदाताओं से अपने मताधिकार का उपयोग करने की अपील की गई। साथ ही सभी शिक्षकों से अपनी-अपनी संस्थाओं में अभिभावकों को मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए कहा गया तथा संदेश दिया गया कि मतदान आपका हक है और जिम्मेदारी भी है।



### शिवधाम सहस्त्रबाहु मंदिर पर हो रहा भागवत कथा का आयोजन

# भागवत कथा के छटवें दिन कृष्ण रुकमणी विवाह हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

अयोध्यापुरी कॉलोनी के सामने श्री शिवधाम सहस्त्रबाहु मंदिर पर आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के छटवें दिन कथा व्यास पंडित हरीश शास्त्री ने श्रीकृष्ण और रुक्मणी के विवाह की अमृत वर्षा का श्रद्धालुओं को रसपान कराया। श्रीमद् भागवत कथा के दौरान बीच-बीच में सुंदर झांकियां प्रस्तुत की गई। कृष्ण और रुक्मणी के विवाह पर कथा का रसपान कराते हुए कथा व्यास शास्त्री ने कहा कि भगवान की





महारास लीला इतनी दिव्य है कि स्वयं भोलेनाथ उनके बाल रूप के दर्शन करने के लिए गोकुल पहुंच गए थे। मथुरा गमन प्रसंग में अक्रूर जी भगवान को लेने आए और भगवान श्रीकृष्ण मथुरा जाने लगे तो समस्त ब्रज की गोपियां भगवान श्री कृष्ण के रथ के आगे खड़ी हो गई और कहने लगी हे कन्हैया जब आपको हमें छोड़कर ही जाना था तो हम से प्रेम क्यों किया। कथा के दौरान कृष्ण एवं रुक्मणी विवाह उत्सव पर मनोहर झांकी प्रस्तुत की गई। कृष्ण रुकमणी के विवाह का भक्तजनों ने आनंद लिया।



**जिला अस्पताल में नवाचार : हर महीने सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी का होगा सम्मान**

# बेहतर काम करने वाले कर्मचारी को मिलेगा 'एम्पलॉय ऑफ द मंथ' अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

कोई व्यक्ति पूरी ईमानदारी और लगन से काम करता है, उसके सार्थक परिणाम सामने आते हैं और यदि उसे थोड़ा सा सम्मान मिल जाए तो वह व्यक्ति कहीं ज्यादा ऊर्जा के साथ काम में जुटता है और नए आयाम स्थापित करता है। कुछ इसी भाव को लेकर जिला अस्पताल श्योपुर में एक नवाचार शुरू होने जा रहा है। इस नवाचार के तहत जिला अस्पताल प्रबंधन अब बेहतर काम करने वाले एक कर्मचारी को 'एम्पलॉय ऑफ द मंथ' का अवार्ड देकर उसे सम्मानित करेगा। हर महीने चुने जाने वाले सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी का चयन जिला अस्पताल की चयन समिति करेगी। इसके लिए अस्पताल प्रबंधन ने एक चार सदस्यीय समिति का गठन कर दिया है।

दरअसल जिला अस्पताल श्योपुर ने अभी हालही में कायाकल्प योजना का पुरस्कार जीता है। इसके पहले जिला अस्पताल श्योपुर एनक्यूएएस का राष्ट्रीय स्तर का अवार्ड भी जीत चुका है। अस्पताल प्रबंधन का मानना है कि जिला अस्पताल को ये अवार्ड दिलवाने में जिला अस्पताल के डॉक्टरों के साथ-साथ स्टाफ की कडी मेहनत का भी अहम योगदान है। जिला अस्पताल में पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ अपने काम को करने वाले कर्मचारियों की हौसला आफजाई भी करना जरूरी है। इसके लिए जिला अस्पताल प्रबंधन ने अब 'एम्पलॉय ऑफ द मंथ' अवार्ड योजना शुरू कर दी है। बताया गया है कि इस योजना के तहत अब हर महीने जिला अस्पताल में काम करने वाले कर्मचारियों में से एक सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी का चयन किया जाएगा। जिसे हर महीने 'एम्पलॉय ऑफ द मंथ' का अवार्ड अस्पताल प्रबंधन उसे सम्मानित करेगा। इस सम्मान से अस्पताल के कर्मचारियों की न सिर्फ कार्यक्षमता और दक्षता बढेगी,बल्कि उनका मनोबल भी ऊंचा होगा।




**इन्हें शामिल किया चयन समिति में**

सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी का चयन करने के लिए जिला अस्पताल प्रबंधन ने एक चार सदस्यीय चयन समिति बना दी है। बताया गया है कि चयन समिति में सिविल सर्जन डॉ डीएस सिकरवार, आरएमओ डॉ गजेन्द्र धाकड, क्वॉलिटी नोडल डॉ जितेन्द्र सिंह यादव, डीक्यूएम विकास जारौलिया को शामिल किया गया है। यह चयन समिति हर महीने एक सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी का चयन करेगी। जिसे जिला अस्पताल प्रबंधन सम्मानित करते हुए पुरस्कृत करेगा।

**अब प्रत्येक कर्मचारी के काम की होगी परख**

एम्पलॉय ऑफ द मंथ' का अवार्ड देने के लिए जिला अस्पताल प्रबंधन अब हर महीने जिला अस्पताल में सेवाएं दे रहे नर्सिंग स्टाफ, वार्डबॉय, लैब टेक्नीशियन, सपोटिंग स्टाफ, सुरक्षा गार्ड, सफाई कर्मचारी सहित अन्य सभी कर्मचारियों के काम की गुणवत्ता की परख करेगा। सिविल सर्जन डॉ डीएस सिकरवार ने बताया कि सभी वार्ड प्रभारियों से उनके यहां काम करने वाले प्रत्येक कर्मचारी का नाम और उनके अच्छे काम की जानकारी मांगी जाएगी। इसके बाद जिला अस्पताल की चार सदस्यीय चयन समिति उनके काम की गुणवत्ता की परखेगी और पुरस्कार के लिए एक सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी का चयन करेगी।

**इनका कहना है**

यदि कोई कर्मचारी बेहतर काम करता है तो उसका सम्मान किया जाना आवश्यक है। जिससे वह और ऊर्जा से काम करता है साथ ही अन्य कर्मचारी भी उत्साह के साथ काम करते हैं। जिला अस्पताल की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए यह प्रयास शुरू किया गया है।

डॉ डीएस सिकरवार
सिविल सर्जन, श्योपुर

**विजयपुर के पचनया गांव का मामला**

## दबंग चाचा भतीजों ने मिलकर दलित ननद भाभी को पीटा, एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



विजयपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पचनया में पुरानी रंजिश को लेकर विवाद हो गया। इस विवाद में दबंग चाचा भतीजों ने मिलकर एक दलित महिला और उसकी ननद की मारपीट कर दी। जिससे दोनों ननद भाभी घायल हो गईं। इस मामले में विजयपुर थाना पुलिस ने मारपीट और एससी एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

विजयपुर थाना पुलिस ने बताया कि ग्राम पचनया निवासी सतीश जाटव और ध्रुव यादव के परिवार के बीच किसी बात को लेकर रंजिश चल रही है। बीती शाम को इनके बीच पुरानी रंजिश को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया है कि ध्रुव यादव और उसके दो भतीजों मंटू यादव और राजू यादव ने मिलकर सतीश जाटव की पत्नी किरण जाटव की मारपीट कर दी। यही नहीं बचाने के लिए दौड़ी ननद पूजा की भी मारपीट कर दी। जिससे दोनो ननद भाभी घायल हो गई। जिन्हें इलाज के लिए विजयपुर अस्पताल में दाखिल कराया गया। पुलिस ने इस मामले में किरण पत्नी सतीश की रिपोर्ट पर तीनों आरोपियों के खिलाफ मारपीट और एससी एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

**भानजी को घर बुलाने की बात पर झगड़ा, मां बेटी घायल**

श्योपुर। बडौदा कस्बे के वार्ड क्रमांक 2 में दो परिवार के लोगों के बीच विवाद हो गया। विवाद भानजी को घर बुलाने की बात को लेकर हुआ। इस विवाद में मां बेटी घायल हो गई। जिन्हें इलाज के लिए बडौदा अस्पताल में दाखिल कराया गया। पुलिस ने मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है। बडौदा थाना पुलिस ने बताया कि बडौदा के वार्ड क्रमांक 02 निवासी नंद बिहारी माहौर और लख्मीचंद माहौर के परिवार के लोगों के बीच गुरूवार की शाम को भानजी को घर बुला लेने की बात पर कहासुनी हो गई। महिलाओं के बीच शुरू हुई कहासुनी इतनी बढ़ गई कि लख्मीचंद माहौर, ममता माहौर और लकी ने मिलकर नंद बिहारी माहौर की पत्नी मोहनी बाई और उसकी बेटी छोटी बाई की मारपीट कर दी। जिससे ये दोनो मां बेटी घायल हो गई। पुलिस ने मोहनी बाई की रिपोर्ट पर तीनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

## 'दिवंगत सफाई कर्मचारी के परिवार को दी जाए 10 लाख की सहायता'

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



विगत दिनों काम करते समय शिवपुरी रोड स्थित एमपी 31 होटल के पास करंट की चपेट में आने से नपा श्योपुर के जिस सफाई कर्मचारी मंगल वाल्मीकि की मौत हुई थी, उसके परिजनों को 10 लाख रुपए मुआवजा की मांग करते हुए मध्य प्रदेश राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष इंजी सूरज खरे ने श्योपुर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि मृतक मंगल की मौत करंट लगने से हुई है सफाई कर्मचारियों को काम पर जाने से पहले। क्या सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जाते हैं वे उपकरण मृतक मंगल को उपलब्ध कराए थे या नहीं? ऐसा लगता है कि मंगल की मौत नगर पालिका की उस लापरवाही से हुई है जिसके तहत सफाई कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरण प्रदान करने होते हैं। अगर मंगल के पास करंट से बचने के लिए हेलमेट होता तो उसकी जान नहीं जाती लेकिन लगता है कि श्योपुर में नगर पालिका अपने सफाई कर्मचारियों को कोई सुरक्षा उपकरण उपलब्ध ही नहीं कराती है। उन्होने कहा कि इस लापरवाही पर सीएमओ पर तत्काल एफआईआर होना चाहिए उन्होंने पत्र में लिखा है कि सीवर डेथ नियम के तहत सफाई कर्मी की मौत पर मंगल के आश्रित परिजन को 10 लाख रुपए का मुआवजा दिया जाए, साथही उसके पुत्रों का दाखिला पढ़ाई के लिए केन्द्रीय विद्यालय में कराया जाए।

**भेजा प्रस्ताव, एसपी बोले सभी मतदान केन्द्रों पर लगाएंगे कड़ी सुरक्षा व्यवस्था**

## लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से कराने के लिए मांगी सुरक्षा बलों की 8 कंपनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



लोकसभा चुनाव श्योपुर जिले में शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो, इसके लिए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था अभी से जुटाना शुरू कर दिया है। वहीं सुरक्षा बलों की 8 कंपनियों की डिमांड भी पुलिस मुख्यालय को भेज दी गई है। नवागत एसपी अभिषेक आनंद का कहना है कि चुनाव के दौरान जिले के सभी मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए जाएंगे।

बता दें कि श्योपुर जिला मुरैना संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आता है और मुरैना संसदीय क्षेत्र में लोकसभा चुनाव का मतदान 7 मई को सम्पन्न कराया जाएगा। 7 मई को श्योपुर जिले में होने वाले मतदान के लिए 656 मतदान केन्द्र बनाए गए है। इनमें 92 मतदान केन्द्र तो शहरी क्षेत्र में और 564 मतदान केन्द्र ग्रामीण क्षेत्र में बनाए गए है। हालांकि अभी मतदान की तिथि काफी दूर है,लेकिन जिला प्रशासन ने अभी मतदान की तैयारियां शुरू कर दी है। वहीं पुलिस प्रशासन ने भी सुरक्षा इंतजाम जुटाना शुरू कर दिए है। दरअसल श्योपुर में अभिषेक आनंद की अभी हालही में पुलिस अधीक्षक के रूप में पहली पदस्थापना हुई है। इसलिए एसपी अभिषेक आनंद श्योपुर जिले में चुनाव की सुरक्षा को लेकर खासे गंभीर दिख रहे है। यही वजह है कि चुनाव सुरक्षा के लिए 8 कंपनियों की डिमांड पुलिस मुख्यालय को भेज दी गई है। एसपी अभिषेक आनंद ने बताया कि हमने डिमांड तो 8 कंपनियों की भेजी है। लेकिन मिलेगी कितनी कंपनियां,यह अभी यह नहीं है। मगर जिले के सभी मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे, ताकि मतदाता निर्भिक होकर मतदान कर सके।

## गेहूं उपार्जन केंद्र प्रभारियों की कलेक्टर से मांग साइलो और वेयरहाउस स्तर पर हो गेहूं की खरीदी


हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

समस्त गेहूं उपार्जन केंद्र प्रभारी जिला श्योपुर ने कलेक्टर लोकेश कुमार को ज्ञापन सौंपते हुए सरकारी समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी साइलो अथवा वेयरहाउस गोदामों पर ही कराए जाने की मांग की है।

कलेक्टर को दिए ज्ञापन में उल्लेख किया है कि समर्थन मूल्य पर खरीदी के निर्देश वेयरहाउस गोदाम पर करने के दिए गए हैं। इसके अनुसार ही खरीदी की जाए। वहीं पूर्व वर्षो की भाति साइलो स्तर पर भी खरीदी की जाए। इस बार मौसम में परिवर्तन दिखाई दे रहा है। जिसकारण खुले में खरीदी किए जाने पर गेंहू के भीगने का खतरा है। गेंहू के भीगने पर उसे वेयरहाउस में जमा करना मुश्किल हो जाता है। इसलिए गेंहू की खरीदी खुले में न करवाते हुए वेयर हाउस स्तर और साइलो केन्द्रों पर की जाए। ज्ञापन में हम्माली दर को 11 रूपए से बढ़ाकर 28 रूपए करने, जूट बोरा का वजन अनुसार सोर्टेंज संधारण करने तथा गेहू उपार्जन केन्द्र पर नोडल एजेंसी द्वारा सर्वेयर नियुक्त करने सहित अन्य कई मांग की गई है।

## शनिवार और रविवार को भी खुलेंगे कैश काउंटर

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



विद्युत वितरण कंपनी के वितरण कार्यालयों के कैश काउंटर शनिवार एवं रविवार को भी खुले रहेंगे। महाप्रबंधक मध्य क्षेत्र विधुत वितरण कंपनी लिमिटेड वृत्त श्योपुर ने बताया कि उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए 22 मार्च एवं 23 मार्च को शनिवार एवं रविवार का अवकाश होने के बाद भी उक्त दिनों में सभी वितरण कार्यालयों में कैश काउंटर खुले रहेंगे तथा सामान्य दिनों की तरह राजस्व संग्रहण एवं अन्य कार्य संपादित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि अवकाश के दोनों दिन उपभोक्ता विधुत बिल की राशि कैश काउंटर पर जमा करा सकते हैं।

## लेट फीस के साथ 31 मार्च तक भरी जाएगी वित्त वर्ष 2022-23 की आयकर विवरणी

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

वित्तीय वर्ष 2022-23 के आयकर रिटर्न दाखिल करने का समय 31 मार्च निर्धारित है। जिसे आने में अब सिर्फ 9 दिन का समय शेष रह गया है। युवा कर सलाहकार नकुल जैन एडवोकेट ने जानकारी देते हुये बताया कि वित्तीय वर्ष 22-23 की आयकर विवरणी जमा करने की अंतिम तिथि निकलने के बाद अब लेट फीस के साथ 31 मार्च 2024 तक जमा की जा सकती है, सभी आयकर विवरणी भरने वालों को विलंब शुल्क के साथ अपना आयकर रिटर्न दाखिल कर देना चाहिए ऐसा ना करने की स्थिति में विभागीय कार्रवाई एवं पेनल्टी का सामना करना पड़ सकता है। जैन ने बताया ऐसे सभी आयकर दाता जिन की विभिन्न स्रोतों से वार्षिक आय ढाई लाख रुपए से अधिक है वह अपना आयकर रिटर्न लेट फीस के साथ 31 मार्च 2024 तक जमा कर सकते हैं।

**नमाजियों की संख्या बढ़ने से टेंट लगाकर अदा करनी पड़ी नमाज**

## रमजान माह के दूसरे शुक्रवार पर पढ़ी गई जुमा की विशेष नमाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



रमजान माह के रोजे 12 मार्च से शुरू हो गए हैं। रमजान शुरू होते ही मस्जिदों में भी नमाजियों की संख्या में बढ़ोत्तरी हो गई हैं। शुक्रवार को रमजान के दूसरे जुमा पर नमाजियों की भारी भीड़ मस्जिदों में नमाज अदा करने पहुंची। अधिक भीड़ के आने से मस्जिद कमेटियों को मस्जिद के बाहर व छतों पर नमाज अदा करानी पड़ी।

वैसे तो मुसलमान रोजाना 5 वक्त की नमाज अदा करते हैं। इस नमाज में बस्ती के लोग पांच बार मस्जिद जाकर नमाज अदा करते हैं। जुमे की नमाज सप्ताह में एक बार और खास मस्जिदों में ही अदा की जाती है। इसलिए इस नमाज में अधिक लोग एकत्रित होते हैं। जामा मस्जिदों में आयोजित होने वाली जुमे की नमाज में वह लोग भी नमाज अदा करने पहुंचते हैं जो रोजाना नमाज नहीं पढ़ते हैं। रमजान माह में तो यह संख्या लगभग दोगुनी हो जाती हैं। मस्जिदों में नमाजियों की संख्या बढ़ जाने से कई मस्जिदों में टेंट लगाने की जरुरत पड़ी।

**नमाज के बाद मौलाना का संदेश सुना टीवी पर**

उधर बोहरा समाज ने शुक्रवार को जुमे की नमाज में सभी महिला व पुरुषों ने एक-साथ मस्जिद में पहुंचकर नमाज अदा की। दाऊदी बोहरा समाज के प्रवक्ता सिराज दाऊदी ने बताया कि महिलाओं के नमाज अदा करने के लिए मस्जिद के ऊपरी तल पर व्यवस्था की गई थी। जमीन तल पर मर्दो व बच्चों ने नमाज अदा की। इस बार विगत वर्ष की तरह वार्ड चार बोहरा मोहल्ला के अलावा खातौली तिराहा स्थित मस्जिद में भी नमाज अदा कराई गई। नमाज के बाद आमिल साहब ने विश्व शांति के लिए दुआं की। दुआं के बाद मस्जिद में लगी एलईडी के माध्यम मौलाना साहब का मुंबई से संदेश प्रसारित किया गया। ज्ञातव्य हो कि, शिया जमात दाऊदी बोहरा समाज के पूरे विश्व में मुंबई से धर्मगुरु के माध्यम से संदेश प्रसारित होते हैं।

**कलेक्टर के निर्देश पर अतिथि शिक्षकों को लगाया मूल्यांकन में**

# कलेक्टर के नवाचार से पटरी पर आई पांचवीं आठवीं परीक्षा के मूल्यांकन कार्य की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



शिक्षक कम पड़ जाने की वजह से बे पटरी होती दिख रही पांचवीं एवं आठवीं बोर्ड परीक्षा मूल्यांकन व्यवस्था को कलेक्टर लोकेश कुमार के नवाचार ने एक ही झटके में पटरी पर लाने का काम कर दिया। दरअसल मूल्यांकन में अंग्रेजी विषय के शिक्षक कापी जांचने के लिए नहीं मिल रहे थे जिससे मूल्यांकन का काम कछुआ चाल से आगे बढ़ रहा था। कलेक्टर द्वारा मूल्यांकन केंद्र के निरीक्षण के दौरान जब यह समस्या उनके सामने आई तो उन्होंने सरकारी स्कूलों में पढ़ा रहे अतिथि शिक्षकों को इस काम में लगाने के निर्देश दिए। इसके बाद शुक्रवार से अतिथि शिक्षकों को मूल्यांकन में लगाने के साथ ही बेपटरी हो रही मूल्यांकन व्यवस्था अचानक पटरी पर आ गई।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर के सामने यह समस्या आई कि जिला मुख्यालय पर जो कॉपियां मूल्यांकन के लिए भेजी गई है उनमें 80 फीसद अंग्रेजी विषय की है और जिले में अंग्रेजी विषय के शिक्षक कम है। जितने शिक्षक हैं उनसे ही मूल्यांकन का कार्य कराया जा रहा था। इसके बाद कलेक्टर ने पूंछा कि इस समय अतिथि शिक्षक क्या कर रहे हैं तो अधिकारियों ने बताया कि शैक्षणिक सत्र समाप्त होने तक वह स्कूलों में ही पदस्थ रहेंगे। तब कलेक्टर ने कहा कि जब पांचवी और आठवीं विषय की पढ़ाई खत्म हो चुकी है परीक्षा हो चुकी है तो शिक्षक स्कूलों में क्या कर रहे हैं सभी अतिथि शिक्षकों को बुलाकर मूल्यांकन कार्य में लगाया जाए। कलेक्टर के निर्देश के बाद आनन फानन में अतिथि शिक्षकों को मूल्यांकन कार्य में लगाने के आदेश संकुल प्रिंसिपल के माध्यम से जारी किए गए। शुक्रवार को पहले ही दिन 30 अतिथि शिक्षक ऐसे मिल गए जो अंग्रेजी विषय का मूल्यांकन काम में सहयोग कर सकते थे उनके मूल्यांकन केंद्र में पहुंचने के बाद व्यवस्थापकों के भी जान में जान आई।

**17 लाख कॉपियों को जांच रहे साढ़े पांच सैकड़ा शिक्षक**

पांचवी और आठवीं बोर्ड पैटर्न परीक्षा के मूल्यांकन के लिए कराहल,विजयपुर और श्योपुर मुख्यालय पर मूल्यांकन केंद्र बनाए गए हैं। विजयपुर मुख्यालय पर कराहल विकासखंड की कॉपियां मूल्यांकन के लिए भेजी गई है जबकि विजयपुर मुख्यालय पर कराहल विकासखंड की कॉपियां मूल्यांकन के लिए पहुंचाई गई है। जिला मुख्यालय पर अन्य जिले से कॉपियां आई है जिनमें 80 फीसद कापियां अंग्रेजी विषय की है बस यही से गड़बड़ हो गई जिले में अंग्रेजी विषय के सरकारी शिक्षको की इतनी कमी पड़ गई कि कॉपियां जांचने का काम तेज गति से होने के बजाय कछुआ गति से होने लगा लेकिन शुक्रवार से अतिथि शिक्षकों को इस काम में लगाने के बाद मूल्यांकन का काम तेज गति से हो रहा है।

**प्राइवेट शिक्षकों की न के बाद बढ़ी अधिक परेशानी**

राज्य शिक्षा केंद्र ने जरूरत पड़ने पर प्रायवेट स्कूलों के शिक्षकों को भी परीक्षा कार्य में लगाने के निर्देश दिए थे उस निर्देश के तहत आधा सैकड़ा से अधिक प्रायवेट स्कूलों के शिक्षकों को मूल्यांकन कार्य में लगाया गया था पर उनमें से अधिकतर शिक्षक स्कूल संचालकों के कहने पर वापस अपने स्कूलों में लौट गए जिससे व्यवस्था बिगड़ गई। हालांकि मूल्यांकन कार्य के लिए भी उन शिक्षकों को बुलाया गया था लेकिन स्कूल संचालकों ने अपने यहां परीक्षा फल तैयार होने की बात कह कर शिक्षको को मूल्यांकन में जाने की इजाजत नहीं दी। कलेक्टर के निरीक्षण के दौरान भी अधिकारियों ने प्राइवेट शिक्षकों को मूल्यांकन के निर्देश जारी करने की मांग की थी लेकिन कलेक्टर ने समझ बूझ का परिचय देते हुए सरकारी स्कूलों में समय पास कर रहे हैं अतिथि शिक्षकों को इस काम में लगाकर सारी समस्या हल कर दी।

**इनका कहना है**

अंग्रेजी विषय के शिक्षक नहीं मिलने की वजह से मूल्यांकन कार्य की रफ्तार धीमी पड़ गई थी। लेकिन कलेक्टर के निर्देश पर अब अतिथि शिक्षकों को इस काम में लगा दिया है जिससे मूल्यांकन तेजी के साथ हो रहा है।

अनिल भदौरिया
मूल्यांकन अधिकारी

**मुस्लिम समाज के लोगों ने बैठक कर लिया सर्व सम्मति से निर्णय**

## पिता के अधूरे कार्यकाल को अब बेटा करेगा पूरा, समाज ने सौंपी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



अध्यक्ष पिता की सड़क दुर्घटना में हुई मौत के बाद बचे अध्यक्षीय कार्यकाल को अब उनका बेटा इसराइल अब्बासी पूरा करेगा। इसके लिए मुस्लिम समाज के लोगों ने युवा सामाजिक कार्यकर्ता इसराइल अब्बासी को मुस्लिम समाज अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंप दी है। शुक्रवार को जुमा की नमाज के बाद मुस्लिम समाज ने सर्वसम्मति से बैठक करके यह निर्णय लिया है।

बता दें कि इसराइल के पिता शमशेर अब्बासी का निर्वाचन मुस्लिम समाज ने अध्यक्ष पद के लिए किया था। लेकिन उनकी मौत एक सड़क दुर्घटना में हो गई। जिसके बाद से अध्यक्ष पद खाली पड़ा था। कुछ समय से खाली पड़े अध्यक्ष पद को भरने के लिए मुस्लिम समाज की बैठक जुमा की नमाज के वक्त बुलाई गई थी। नमाज के लिए एकत्रित हुए मुस्लिम समाज के लोगों ने इस बात पर सहमति जताई कि अध्यक्ष का जो कार्यकाल मरहूम शमशेर अब्बासी का बचा है उस कार्यकाल को उनके पुत्र इसराइल पूरा करें। समाज की सहमति के वक्त इसराइल को माला पहनकर मुस्लिम समाज का नया अध्यक्ष निर्वाचित किया गया।

## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आज

**अशोकनगर।** आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में 22 मार्च 2024 को सायं 05 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है।

### पुलिस ने दर्ज किए मारपीट की घटनाओं के कई मामले

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रो मे मारपीट की घटनाओ के कई मामले दर्ज किये गए है। जिले के थाना क्षेत्र के चंदेरी अंतर्गत ग्राम तगाडी निवासी खिलन लोधी ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी दर्षन लोधी ,संतोष लोधी,अमोल लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के सहराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रूहाना निवासी जितेन्द्र यादव ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी भागवती लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### कचनार पुलिस ने गांजा बरामद किया

**अशोकनगर।** जिले के कचनार थाने की पुलिस ने ग्राम खेजरा हाट निवासी किषन सिंह पुत्र तोफान सिंह अहिरवार के पास से 2 किलो 200 ग्राम गाजा बरामद किया है। आरोपी के विरूध एनडीपीएस एक्ट की कार्यवाही की गई है।

### अशोकनगर जिले में सड़क दुर्घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले मे सडक दुर्घटनाओ के कई मामले दर्ज किए गए है। जिले के बहादुरपुर थाने के अंतर्गत बरखुआ निवासी थान सिंह अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बाइक चालक पंडा आदिवासी ने अपनी बाइक को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसकी बाइक मे टक्कर मार दी जिससे उसे चोटे आई है। इसी प्रकार जिले के बहादुरपुर थाने के अंतर्गत ग्राम इकोदिया निवासी रमला पुत्र सोमा अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बंगला चैराहा करीला रोड पर कार क्रमांक जीजे 14 ई 5207 के चालक ने अपनी कार को तेजी व लापरवाही से चलाकर फरियादी को पीछे से टक्कर मार दी जिससे उसे चोटे आई है।

### कोलाहल अधिनियम के अंतर्गत डीजे उपकरण व टाटा 407 बरामद

**अशोकनगर।** जिले के देहात थाने के अंतर्गत गणेष कालोनी अशोकनगर निवासी मोहन पुत्र मिरली सिंह तोमर उम्र 34 साल कालेज के सामने बायपास रोड पर टाटा 407 वाहन मे डीजे उपकरण लगाकर बजा रहा था। पुलिस ने उक्त उपकरण व वाहन बरामद कर कोलाहल अधिनियम का मामला दर्ज किया है।

### फेक इंस्ट्राग्राम आईडी बनाकर फोटो पोस्ट करने पर मामला दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत चंदेरी निवासी एक पिता ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसकी पुत्री का फेक इंस्ट्राग्राम आईडी बनाकर दो आरोपी द्वारा वीडियो व फोटो पोस्ट किए गए। जिस पर से मामला दर्ज किया गया है।

### दो वर्ष से फरार 10 हजार के ईनामी आरोपी को किया गिरफ्तार

**अशोकनगर।** 02 अगस्त 2022 को फरियादी पूरनसिंह द्वारा अपने ऊपर आरोपी रामवीर अहिरवार नि. ग्राम सलोना एंव कल्ला अहिरवार नि. ग्राम कर्र द्वारा तेजाब डालने की रिपोर्ट की थी जिस पर से थाना पिपरई द्वारा अप०क्र० 192/22 धारा 326ए, 294,34 भादवि का कायम किया जाकर विवेचना मे लिया गया था ।उक्त अपराध सदर मे 02 साल से फरार चल रहे आरोपी रामवीर पुत्र हमीरा अहिरवार नि. ग्राम सलोना थाना चन्देरी को तलाश थाना प्रभारी पिपरई हुकुम सिंह मीणा द्वारा उनि सुनील पुरवैया को टीम गठित कर इन्दौर भेजा गया था। जहा से आरोपी रामवीर पुत्र हमीरा अहिरवार नि.ग्राम सलोना थाना चन्देरी को इंदौर से गिरफ्तार किया गया आरोपी की गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक द्वारा 10000 रूपये का ईनाम घोषित था साथ ही आरोपी का अन्य अपराध मे गिरफ्तारी वांरट भी तामील कराया गया।

---

शिवपुरी जिले के सरकारी विभागों में अधिकारी-कर्मचारी वर्षों से एक ही स्थान पर जमे हुए हैं

# शासन की स्थानांतरण प्रक्रिया शिवपुरी में फेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी

लोक सभा चुनाव को लेकर आचार संहिता लागू की गई है वहीं दूसरी ओर शिवपुरी जिले के सरकारी विभागों में देखने में आया है कि अधिकारी कर्मचारी बर्षो से एक ही स्थान पर जमे हुए हैं शासन की गाइडलाइन के अनुसार सरकारी विभागों में वर्षों तक एक ही स्थान पर अधिकारी कर्मचारी नौकरी नहीं कर सकते हैं इसके लिए शासन ने स्थानांतरण प्रक्रिया बनाई है जिससे अधिकारी और कर्मचारियों का किसी दूसरे जिले में जाने से मोहभंग ना हो और एक जिले में काम करने का लगाव ना हो लेकिन शासन की स्थानांतरण प्रक्रिया शिवपुरी जिले में पूरी तरह से फेल है जिले के अधिकांश सरकारी विभागों में अधिकारी और कर्मचारी पिछले लगभग 30 वर्षों से एक ही स्थान पर जमे होकर नौकरी करने पर आमदा बने हुए हैं ऐसे में लोकसभा के चुनाव पर असर पड़ सकता है।




**सरकारी विभागों में वर्षो से एक ही स्थान पर जमे अधिकारी कर्मचारी**

लोकसभा चुनाव को लेकर सरकारी विभागो मैं बर्षो से जमे अधिकारी कर्मचारियों को लेकर जब पड़ताल की गई तो ऐसे में सामने आया कि कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग संभाग शिवपुरी मैं ऐसे कई अधिकारी और कर्मचारी हैं जो बर्षो से एक ही स्थान पर जमे होकर नौकरी कर रहे हैं इसी तरह जिला कोषालय विभाग शिवपुरी, कार्यालय जनपद पंचायत शिवपुरी, जिला आबकारी विभाग शिवपुरी, कृषि उपज मंडी शिवपुरी आदि सरकारी विभागों में कई अधिकारी कर्मचारी बर्षो से एक ही स्थान पर नौकरी कर रहे हैं। ऐसे में लोकसभा चुनाव पर असर पड़ सकता है

### जिम्मेदारों नहीं किए फोन रिसीव

खबर के संबंध में जब जिले के जिम्मेदार पद पर बैठे अधिकारियों को एवं विभाग के अधिकारियों को फोन लगाया तो कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग धर्मेंद्र यादव, जिला कोषालय अधिकारी श्रीमती छवि जैन, जनपद पंचायत सीईओ गिर्राज शर्मा, जिला आबकारी अधिकारी, संजय गुप्ता, सचिव कृषि उपज मंडी देवेंद्र सिंह जादौन ने फोन रिसीव नही किया इसके बाद जब कलेक्टर रविंद्र चौधरी को फोन लगाया तो उन्होंने भी फोन रिसीव नहीं किया इसके बाद जब एडीएम दिनेश शुक्ला से बात की तो उन्होंने गोलमोल जवाब दिया इसके बाद कहा कि शासन की गाइडलाइन का पालन कराएंगे।

---

## संगीत कार्यक्रम में कलाकारों ने दीं प्रस्तुतियां




हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी

राजेंद्र जैन होटल राजमाया वालों के निज निवास पर एक संगीतमय प्रोग्राम रखा गया जिसमें सभी ने एक से एक बढ़कर गीत गाए। सबसे पहले मां सरस्वती के चित्र पर दीप जलाकर एवं माल्यार्पण कर इस प्रोग्राम का शुभारंभ किया गया जिसमें वरिष्ठजनों ने बहुत ही शानदार प्रस्तुतियां दी। पुराने गानों की भी शानदार प्रस्तुतियां दी गई जिसमें संगीता श्रीवास्तव ने लता मंगेशकर की आवाज में लिखने वाले ने लिख डाले गीत बहुत ही सुंदर स्वर में गाया। जिसे सभी लोगों ने बहुत सराहा एवं मुकेश आचार्य ने कितना हसीन चेहरा गाने पर मनमोहक प्रस्तुति दी धर्मेंद्र साहू ने चि_ी आई है वतन से गीत पर सभी की आंखें नम हो गई। इस तरह सभी लोगों ने एक से एक बढ़कर प्रस्तुतियां दी। इस प्रोग्राम में डॉ.रश्मि भार्गव जन भागीदारी अध्यक्ष ने भी आओ हुजूर तुमको गाना गाकर सबका दिल जीत लिया एवं गिरीश मिश्रा ने शानदार एंकरिंग की। इसमें पत्रकार ब्रजेश तोमर, पत्रकार राशिद खान, पत्रकार राजू यादव ग्वाल, पत्रकार मणिकांत शर्मा, पत्रकार आरती जैन एवं प्रियंका मिश्रा, सुकून भाई, बृजेश अग्निहोत्री, धर्मेंद्र साहू पंकज श्रीवास्तव, डिंपल सिंघल, मुकेश आचार्य एवं राजेंद्र जैन राज माया होटल वाले, त्रिलोकचंद जोशी उपस्थित रहे अंत में सभी लोगों ने समाजसेवी आरती जैन की इस प्रोग्राम में बहुत सराहना की एवं सभी ने उनका आभार व्यक्त किया अंत में सभी को माल्यार्पण कर सभी का स्वागत किया।

---

**दीगर जिलों व दीगर राज्यों से खोजा**

## सायबर सेल ने बरामद किए गुम हुए 71 मोबाइल, एसपी ने लोगों को किए सुपुर्द

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी

पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ ने शिवपुरी शहरवासियों के गुम हुए मोबाइलों को खोज कर लोगों को वितरित किए है। जिन लोगों के मोबाइल गुम हुए थे उन लोगों ने साइबर सेल शिवपुरी में मोबाइल खोने की शिकायत दर्ज की थी जिसके बाद सायबर सेल प्रभारी सउनि. अजय पाल एवं उनकी सायबर टीम ने गुम हुए मोबाइलों में से 71 मोबाइल बरामद कर लिये हैं, जिन्हें आज पुलिस अधीक्षक व्दारा पुलिस कन्ट्रोल रुम शिवपुरी मे लोगों को वापस किया गया, अपने मोबाइल वापस पाकर लोग बहुत प्रशन्न दिखे एवं पुलिस अधीक्षक शिवपुरी को धन्यबाद कहा। सायबर सेल प्रभारी सउनि अजय पाल एवं सायबर सेल टीम द्वारा मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों एवं उत्तर प्रदेश, गुजरात आदि अन्य राज्यों से लोकल पुलिस की मदद लेकर एवं लोगों से संपर्क कर शिवपुरी मे खोये हुये मोबाइलों को कोरियर के माध्यम से बापस लाया गया है। पुलिस अधीक्षक शिवपुरी ने सायबर टीम एवं इस कार्य मे लगे अन्य पुलिस कर्मियों की इस कार्य के लिये सराहना की है। उक्त कार्रवाई में सायबर सेल प्रभारी सउनि अजय पाल, प्रआर, विकास सिंह चौहान, आर.आलोक व्यास, आर. जलज रावत, आर. दामोदर परिहार की महत्वपूर्ण भूमिका रहीं।




---

## एसपी कार्यालय के बाहर शिकायतकर्ताओं की सुविधा के लिए हेल्प डेस्क बनाया गया




हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

एसपी कार्यालय के बाहर षिकायत लेकर आने वाले आवेदनकर्ताओ की सुविधा के लिए एक हेल्प डेस्क का निर्माण किया गया है। जहा आवेदक अपनी समस्याओ के आवेदन प्रदान करेगे। इन आवेदनो को संबधित थाने का होने पर उनसे चर्चा की जाएगी। जिसके बाद एसपी को उक्त आवेदको की समस्या के संदर्भ मे जरूरत पडने पर अवगत कराया जाएगा। एसपी विनीत कुमार जैन ने बताया कि आवेदको की सुविधा के लिए यह डेस्क बनाई गई है। जिसके प्रभारी जितेन्द्र शर्मा है। उनके द्वारा आने वाले आवेदको के नाम रजिस्टर मे दर्ज किए जाएगे। उन्होने कहा कि जो क्षेत्र जिस वीट प्रभारी के अंतर्गत आता है। उक्त वीट प्रभारी का नाम और नंबर एक स्थान पर दर्ज कराए जाने पर परीक्षण कराया जाएगा।

एसपी ने करीला मेले को लेकर भी मेला स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ मुगावली के एसीओपी ,एसडीएम ,बहादुरपुर थाना प्रभारी आदि के साथ निरीक्षण किया गया और जाना गया कि मेले को लेकर कौन कौन से आवष्यकताए है। जिन्हे पूरी किया जाना है। इसे लेकर समीक्षा भी की गई। उन्होने बताया कि करीला मेले को लेकर 1000 पुलिस कर्मियो की मांग प्रदेष मुख्यालय से की गई है। उन्होने कहा कि करीला मे पहुचने वाले वाहनो मे उपर बैठने वाली सवारियो को प्रतिबंधित किया जाएगा ताकि किसी प्रकार की कोई दुर्घटना न हो।

### करीला मेला रंगपंचमीः शराब दुकान बंगला चौराहा व बहादुरपुर बंद रहेगी

**अशोकनगर।** करीला मेला रंगपंचमी 30 मार्च 2024 के अवसर पर लोक शांति एवं कानून व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुभाष कुमार द्विवेदी द्वारा अशोकनगर जिले की कम्पोजिट मदिरा दुकान बंगलाचैराहा एवं कम्पोजिट मदिरा दुकान बहादुरपुर को 30 मार्च 2024 को सम्पूर्ण दिवस बंद रखे जाने हेतु आदेश जारी किया गया है। इस दौरान मदिरा दुकानों से मदिरा का क्रय-विक्रय एवं परिवहन निषिद्ध रहेगा।



---

## समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीदी के लिए किए गए 26 केंद्र निर्धारित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिले मे गेहू के समर्थन मूल्य पर खरीदी के लिए जिला स्तरीय उपार्जन समिति की बैठक के बाद 26 खरीदी केन्द्र खोले गए है। खरीदी शुरू होने के बाद इन निर्धारित खरीदी केन्द्रो पर अपना गेहू बेच सकेगें। लेकिन जिले मे चना ,मसूर और सरसो के केन्द्र अभी तक नही खुल पाए है। केन्द्र न खुल पाने की बजह से किसान मंडी मे अपना माल बेच रहे है।

अशोकनगर जिले मे खरीदी के लिए जो केन्द्र खोले गए है। उसमे शाढौरा के 2 केन्द्रो मे एक हिनोतिया जलालपुर सहकारी संस्था और दूसरी शाढौरा सहकारी संस्था शामिल है। जिसका मुख्यालय मंडी मे रहेगा। अशोकनगर तहसील मे 6 केन्द्र खोले गए है। जिनमे सहकारी संस्था अशोकनगर का खरीदी केन्द्र नवीन मंडी ,बमौरा का खरीदी केन्द्र समिति मुख्यालय ,तूमैन का खरीदी मुख्यालय समिति गोदाम,कचनार का खरीदी केन्द्र समिति मुख्यालय,रिजौदा का खरीदी केन्द्र समिति मुख्यालय और विपणन सहकारी संस्था का मुख्यालय भी नवीन मंडी होगा। ईसागढ तहसील मे भी 6 केन्द्र बनाए गए है। जिसमे सारसखेडी,धुर्रा, ढाकोनी, कदवाया ,पिपरिया पाटखेडा, समिति मुख्यालय पर खरीदी करेगी। जबकि कोहरवास संस्था कृषि उपज मंडी ईसागढ मे खरीदी करेगी।

### मुंगावली में तीन केंद्र बनाए गए

मुगावली मे 3 खरीदी केन्द्र बनाए गए है। जिनमे मुगावली सहकारी संस्था पुरानी मंडी मे मल्हारगढ संस्था समिति मुख्यालय पर और गदूली संस्था नवीन मंडी मे खरीदी करेगी।पिपरई मे दो केन्द्र बनाए गए है। जिनमे सहकारी संस्था पिपरई मंडी मे और सिघाडा सहकारी संस्था समिति मुख्यालय पर खरीदी करेगी। चंदेरी तहसील मे 4 केन्द्र बनाए गए है। जिनमे रामनगर संस्था ,प्राणपुर और डुगासरा संस्था समिति मुख्यालय पर खरीदी करेगी। जबकि महोली संस्था चंदेरी मंडी मे खरीदी करेगी। नईसराय मे एक केन्द्र सहकारी संस्था कालाबाग बनाया गया है जो समिति मुख्यालय पर खरीदारी करेगी। बहादुरपुर तहसील मे दो केन्द्र बनाए गए है। जिनमे सहकारी संस्था अथाईखेडा समिति मुख्यालय पर और सहकारी संस्था सिघाडा 2 बीलाखेडा मे खरीदारी करेगी।

---

## स्वास्थ्य विभाग ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली




हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

लोकसभा निर्वाचन 2024 में स्वीप गतिविधियां अंतर्गत जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकालकर मतदान करने का संदेश दिया गया। रैली जिला चिकित्सालय अशोकनगर से प्रारंभ होकर जिला कलेक्ट्रेट में पहुंचकर समापन किया गया। रैली में मतदाता जागरूकता नारे के साथ मतदाताओं से अपील करते हुए लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए 07 मई को होने वाले मतदान में शत प्रतिशत भागीदारी करने की अपील की। समापन के पश्चात उपस्थितजनों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एन.एस.नरवरिया,मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ नीरज छारी, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ रजनी छारी, डॉ जयक्रत सिंह, जिला मीडिया प्रभारी आनंद मोहन माथुर, डीपीएम कपिल पाराशर , पंकज जाधव ,नगेंद्र रघुवंशी , नरेश रघुवंशी , अरविंद रघुवंशी , यशवंत रघुवंशी, एएनएम ट्रेनिंग ले रही छात्राएं, आशा कार्यकर्ता, एएनएम एवं अन्य सीएमएचओ कार्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

---

उत्तरप्रदेश की सीमा लगी होने से अशोकनगर जिले को राजस्व हानि

# कम दर पर जिले में पहुंच रही उत्तरप्रदेश की शराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

अशोकनगर जिले की सीमा पडौसी जिला ललितपुर उत्तर प्रदेष से लगी है। वहा देषी विदेषी दोनो मदिरा सस्ती है। इस कारण जिले की सीमा से लगे लोग कम दामो पर मदिरा मिलने से ललितपुर जिले से लेकर आते है। जिससे अशोकनगर जिले के राजस्व पर प्रभाव पडता है। जिस पर रोक लगाने के लिए जिला आबकारी विभाग द्वारा शासन को पत्र लिखा गया है।

जिला आबकारी अधिकारी जीपी केवट ने बताया कि कम से कम 10 से 20 रूपए का अंतर है। चंदेरी क्षेत्र के लोगो का ललितपुर से आवागमन अधिक होता है। इस कारण वह देषी विदेषी मदिरा अपने साथ वहा की दुकानो से खरीद लाते है। उन्होने बताया कि जिले मे एक ओर नए 2024-25 वित्तीय वर्ष मे जिले को मदिरा की दुकानो से एक अरब 44 करोड 73 लाख 62467 रू की आय होगी। वही दूसरी ओर भांग की दुकानो से 9 लाख 53829 रू की आय होगी। जिले मे 35 देषी विदेषी मदिरा की कम्पोजिट दुकाने है। जबकि भांग की 5 दुकाने है। जिनमे मुगावली मे एक चंदेरी मे 2 दुकाने हैं जिनमे एक भांग और दूसरी भांग घोटा तथा अशोकनगर मे भी दो दुकाने है। एक भांग और भांग घोटा। इन सभी दुकानो का ठेका अब्दुल कयुम खान गुना का है। गत वर्ष इन दुकानो से 8 लाख 67117 रूपए की आय हुई थी। इस बार 10 प्रतिषत बढाकर यह दुकाने दी गई है।



जिले मे अवैध शराब का विक्रय होता है यह जिला आबकारी अधिकारी ने स्वीकार किया और बताया कि समय समय पर उनके द्वारा कार्यवाही की जाती है। लेकिन उनके पास स्टाफ नही है। वर्तमान मे पूरे जिले मे दो सब इस्पेक्टर 7 आरक्षक और 4 होमगार्ड के सैनिक है। जबकि चारो ब्लाको के आधार पर एक एक सब इंस्पेक्टर होना चाहिए। 4-4 आरक्षक होना चाहिए। वर्तमान मे यहा सहायक जिला अधिकारी का पद भी रिक्त पडा है। आजाद सिंह आर्य का स्थानांतरण होने के कारण जो भंडारन केन्द्र है। उसे भी देखना मुष्किल हो रहा हैं एक सब इंस्पेक्टर अशोकनगर मुगावली को देखता है और दूसरा सब इंस्पेक्टर चंदेरी ईसागढ को देखता है।

### क्या कहना है इनका

जिले मे आबकारी विभाग के पास पर्याप्त मात्रा मे स्टाफ नही है। जिसके कारण अवैध शराब के विक्रय को रोकने की कार्यवाही प्रभावी रूप से नही हो पाती है। जिले से शासन को शराब और भांग के ठेको से अच्छी आमदनी हो रही है। उसके अनुपात मे स्टाफ नही है।